पैरागन कान्वेंट स्कूल

कक्षा - 2

पाठ - 4

आया वसंत

१ कठिन शब्द

1. अनंत
2. पतझड़
3. वसंत
4. हरियाली
5. दिग दिगंत
6. कोकिला

२ शब्द अर्थ

जग - संसार

अनंत - जिसकी सीमा न हो

पल - क्षण

पतझड़ - पत्तियों का झड़ना

सुगंध - खुशबू

मधुर - मीठा

दिग दिगंत - सब ओर

कोकिला - कोयल

३ निम्नलिखित शब्दों के वाक्य स्वयं बनाइए-

1. वसंत -
2. पतझड़ -
3. सुगंध -
4. जग -

४ लघु उत्तरीय प्रश्न -

क) खेतों में किसके फूल खिल उठते हैं?

उत्तर - खेतों में सरसों के फूल खिल उठते हैं।

ख) आमों के पेड़ों पर कौन झूल उठती हैं ?

उत्तर -आमों के पेड़ों पर बौरें झूल उठती हैं।

ग) वसंत के आगमन पर किसका अंत होता है ?

उत्तर -वसंत के आगमन पर पतझड़ का अंत होता है।

घ) कविता का क्या नाम है?

उत्तर - कविता का नाम है - आया वसंत

<u>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न</u>

क) वसंत ऋतु के आगमन की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

उत्तर - वसंत ऋतु के आने से जग में हरियाली छा जाती है, फूल खिल उठते है , भवरें झूमने और गाने लगते है, कोयल मधुर गीत गाती है और पतझड़ का अंत हो जाता है।

ख) भौरें और कोयल इस मौसम में क्या करने लगते है ? लिखिए।

उत्तर - भौरें और कोयल इस मौसम में गाना गाने और कुहू की तान बजाने लगते है।

<u>निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखे -</u>

सरसों --------------------- आया वसंत।

भावार्थ - इन पंक्तियों का अर्थ है कि वसंत ऋतु के आने से खेतों में सरसों के फूल खिल उठे है,आम के पेड़ पर बौरें आ गई है , बेल पर नए फूल उग आये है और पतझड़ ऋतु का अंत हो गया है।

<u>पुस्तक अभ्यास कार्य (पृष्ट - 27)</u>

<u>१ दिए गए प्रश्नो के लिए सही विकल्प चुनिए -</u>

क) सरसों के   ख) कोयल   ग) सोहन लाल द्विवेदी

<u>भाषा बोध (व्याकरणिक ज्ञान)</u>

<u>१ पर्यायवाची शब्द</u>

जग - संसार , जगत

फूल - पुष्प , सुमन

कोयल - कोकिला , सारिका

वन - जंगल , कानन

<u>२ तुक मिलाइए</u>

वसंत - अनंत

फूल - झूल

पवन - वन

गान - तान

<u>३ विशेषण शब्द रेखांकित कीजिये</u> -

क) पीले - पीले

ख) मीठे

ग) रसीले